बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पूर्णियाँ)–22 / 2021 1894 पटना, दिनांक:– 19/04/2024

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, पूर्णियाँ के पत्रांक 541 दिनांक 29.09.2023 द्वारा मो0 इमरान रजा, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01240) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि ये दिनांक 27.08.2020 से अनाधिकृत रूप से अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1446 दिनांक 18.03.2024 द्वारा मो0 इमरान से लगातार 03 वर्षो से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के विरूद्ध 03 दिनों के स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसके प्रतिउत्तर में इनके द्वारा निदेशालय के ई–मेल पर सूचना भेजी गयी है कि ये मेडिकली रूप से फिट नहीं हैं एवं स्वस्थ्य हो जाने पर रिपोर्ट करेंगे।

मो0 इमरान से प्राप्त सूचना एवं बंदोबस्त कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया है। मो0 इमरान द्वारा मेडिकली फिट नहीं रहने के संबंध में सूचित किया गया है, परन्तु इन्हें किस तरह की बिमारी है एवं इसका इलाज ये कब से और कहाँ करा रहे हैं, इस संबंध में इनके द्वारा कोई उल्लेख नहीं किया गया है और न ही कोई ऐसा साक्ष्य समर्पित किया गया है, जो इनके द्वारा अंकित बातों का समर्थन करता हो। साथ ही यदि ये मेडिकली फीट नहीं थे, तो इस संबंध में पिछले 03 वर्षो में पदस्थापित कार्यालय या निदेशालय को इनके द्वारा कोई सूचना पूर्व में क्यों नहीं दी गयी है, इससे स्पष्ट हो रहा है कि मात्र संविदा में बने रहने के लिए इनके द्वारा इस तरह की सूचना दी गयी है, जो भ्रामक एवं साक्ष्यहीन है।

विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से ही विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का नियोजन किया गया है। ऐसी स्थिति में मो0 इमरान द्वारा 03 वर्षो से अनुपस्थित रहने के संबंध में दिए गए साक्ष्यहीन बातों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) के आलोक में मो0 इमरान रजा, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01240) का संविदा नियोजन दिनांक 27.08.2020 से समाप्त किया जाता है।

19/04/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:–01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पूर्णियाँ)–22 / 2021 1894 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

प्रतिलिपि :– मो0 इमरान रजा, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01240)), बंदोबस्त कार्यालय, पूर्णियाँ को सूचनार्थ प्रेषित।

19/04/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / मू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पूर्णियाँ)–22 / 2021 1894 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / मू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पूर्णियाँ)–22 / 2021 1894 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप